gradeup

बैंकिंग और अर्थव्यवस्था मामले साप्ताहिक वन लाइनर्स

15-21 अप्रैल 2019

साप्ताहिक वन लाइनर
बैंकिंग एवं अर्थव्यवस्था घटनाक्रम
(15-21 अप्रैल 2019)

प्रिय अभ्यर्थियों,

साप्ताहिक वन लाइनर महत्वपूर्ण बैंकिंग एवं आर्थिक मामलों से जुड़ी खबरों तथा घटनाक्रमों का संग्रह है जोकि (15-21 अप्रैल) 2019 में घटित हुई हैं। यह लेख आगामी सभी बैंकिंग तथा बीमा परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण है।

भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) से जुड़ी ख़बरें

1. RBI ने गवर्नर शक्तिकांत दास के हस्ताक्षर वाले 50 रुपये के नोट जारी किए

- भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने 16 अप्रैल, 2019 को गवर्नर शक्तिकांत दास के हस्ताक्षर वाले 50 रुपये मूल्यवर्ग के बैंकनोट जारी किए।
- इन नोटों का डिजाइन सभी मामलों में महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला के 50 रुपये के बैंक नोट के समान है।

50 रुपये के बैंक नोट की जानकारी

- नए नोट का आधार रंग फ्लोरोसेंट ब्लू है।
- इसमें पीछे की तरफ रथ के साथ हम्पी की तस्वीर है जो देश की सांस्कृतिक विरासत को दर्शाती है।
- बैंकनोट का आयाम 66 मिमी x 135 मिमी है।
- पीछे की तरफ, नोट पर नारे के साथ 'स्वच्छ भारत' का लोगो है।

2. RBI ने फिनटेक स्टार्ट-अप को रेगुलेटरी सैंडबॉक्स का परीक्षण करने की अनुमति देने का प्रस्ताव दिया

- भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने 'एनेबलिंग फ्रेमवर्क फॉर रेगुलेटरी सैंडबॉक्स' शीर्षक वाला 14 पेज का प्रारूप पत्र जारी किया।
- भारतीय रिजर्व बैंक ने प्रस्तावित किया कि फिनटेक स्टार्ट-अप वित्तीय क्षेत्र में खुदरा भुगतान, धन हस्तांतरण, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा एनालिटिक्स जैसे खंड में रेगुलेटरी सैंडबॉक्स या नए उत्पादों और सेवाओं का जीवंत परीक्षण स्थापित कर सकते हैं।
- रेगुलेटरी सैंडबॉक्स की अवधारणा को RBI के कार्यकारी निदेशक सुदर्शन सेन की अध्यक्षता वाली एक समिति ने प्रस्तुत किया था। समिति, जिसने नवंबर 2017 में अपनी रिपोर्ट सौंपी थी, ने कंपनियों को फिनटेक समाधान के साथ प्रयोग करने में मदद करने के लिए एक रेगुलेटरी सैंडबॉक्स का सुझाव दिया था।
- एक रेगुलेटरी सैंडबॉक्स (RS) आमतौर पर एक नियंत्रित और परीक्षण नियामक वातावरण में नए उत्पादों या सेवाओं के जीवंत-परीक्षण को दर्शाता है जिसके लिए नियामक परीक्षण के सीमित उद्देश्य के लिए कुछ नियामक छूट की अनुमति दे सकते हैं या नहीं दे सकते हैं।

3. बजाज फिनसर्व ने EMI पर बिजली बिल का भुगतान करने के लिए उद्योग का पहला प्रस्ताव पेश किया

- बजाज फिनसर्व ने अपनी ऋण प्रदान करने वाली शाखा बजाज फाइनेंस लिमिटेड द्वारा अभियान #BijliOnEMI के माध्यम से एक अनूठा प्रस्ताव पेश किया है, जिसमें EMI पर एयर-कंडीशनर खरीदने वाले ग्राहक अपने बजाज फिनसर्व वॉलेट में इंस्टा क्रेडिट ऋण प्राप्त कर सकते हैं, जिसका उपयोग वे EMI पर अपने बिजली बिलों का भुगतान करने में कर सकते हैं।
- इस अभियान का उद्देश्य ग्राहकों को गर्मियों के दौरान एयर-कंडीशनर के व्यापक उपयोग के कारण आने वाले बिजली बिलों के भुगतान में मदद करना है।
- 20,000 रुपये और उससे अधिक के एयर कंडीशनर खरीदने वाले ग्राहक 5000 रुपये के इंस्टेंट क्रेडिट लोन के पात्र होंगे। 40,000 रुपये से अधिक के एयर कंडीशनर खरीदने वाले ग्राहकों को उनके वॉलेट में इंस्टेंट क्रेडिट लोन के रूप में 7000 रुपये मिलेंगे।
- वॉलेट ग्राहक को ऋण संबंधी विवरणों पर ऑनलाइन नजर रखने और खरीद पर सुरक्षित रूप से EMI के साथ लेनदेन करने के लिए डिजिटल रूप से EMI नेटवर्क कार्ड का उपयोग करने में मदद करता है।

4. एयरटेल पेमेंट बैंक ने दोपहिया वाहन बीमा के लिए भारती एक्सा जनरल इंश्योरेंस के साथ समझौता किया

- एयरटेल पेमेंट बैंक ने घोषणा की कि उसने दोपहिया वाहन बीमा उत्पाद की पेशकश के लिए भारती एक्सा जनरल इंश्योरेंस के साथ भागीदारी की है।
- यह व्यक्तिगत दुर्घटना कवर, थर्ड-पार्टी देयताओं से सुरक्षा और त्वरित कागज-रहित प्रक्रिया के माध्यम से निरीक्षण-मुक्त नवीनीकरण पर जोर देता है।

5. केनरा बैंक RBI के EMV कार्ड आदेश को पूरा करने वाला भारत का पहला सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक बना

- भारतीय रिज़र्व बैंक ने सभी बैंकों को 31 दिसंबर, 2018 तक चुंबकीय पट्टी वाले ATM/डेबिट कार्ड को EMV चिप और पिन भुगतान कार्ड में बदलने का आदेश दिया था।
- इस दिशा में, ACI वर्ल्डवाइड के साथ मिलकर केनरा बैंक ने घोषणा की कि, केनरा बैंक ने अपने ATM नेटवर्क पर EMV कार्ड प्राप्ति का समर्थन करने के लिए प्रमुख नए कार्य को सफलतापूर्वक पूरा किया है।
- इसके साथ केनरा बैंक RBI के EMV आदेश को पूरा करने वाला पहला सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक बन गया।
- **ACI** और केनरा बैंक द्वारा विकसित तकनीक ने आधार नंबर लिंक करने की प्रक्रिया को भी तेज किया है, जिससे बैंक की शाखाओं में KYC अनुपालन में सुधार हुआ है।

नोट:

- केनरा बैंक की लगभग 6,300 शाखाएं और 10,000 से अधिक ATM हैं।
- केनरा बैंक का मुख्यालय कर्नाटक के बेंगलुरु में है।

6. IDRBT ने बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र के लिए 5G लैब स्थापित की

- इंस्टीट्यूट फॉर डेवलपमेंट एंड रिसर्च इन बैंकिंग टेक्नोलॉजी (IDRBT) ने बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र के लिए 5G उपयोग परीक्षण प्रयोगशाला शुरू की है।
- 5G लैब 5G उपयोग परीक्षण को विकसित और अनुकूल बनाएगी और बैंकिंग एवं वित्तीय सेवाओं के लिए एक अनुसंधान एवं विकास मंच स्थापित करेगी।
- यह 5G को प्रोत्साहन और सर्वोत्तम कार्यों के लिए बैंकों, सरकार और वित्तीय संस्थानों सहित विभिन्न हितधारकों के साथ सहयोग भी करेगी।

नोट:

- IDRBT की स्थापना वर्ष 1996 में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा की गई थी, यह संस्थान बैंकिंग और प्रौद्योगिकी के साथ काम करता है।
- IDRBT का मुख्यालय हैदराबाद में है।

7. IDBI बैंक ने 'NRI-इंस्टा-ऑनलाइन' कागजरहित खाता सुविधा शुरू की

- IDBI बैंक ने फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (FATF) के सदस्य देशों में रहने वाले प्रवासी भारतीयों (NRI) के लिए खाता खोलने की प्रक्रिया 'NRI-इंस्टा-ऑनलाइन' शुरू की है।
- IDBI ने कहा कि यह एक उपयोगकर्ता के अनुकूल पहल है जो NRI को बिना शाखा जाए या कागजी दस्तावेज प्रस्तुत किए बिना खाता खोलने में मदद करेगी।
- जो NRI खाता खोलना चाहते हैं, वे अब वेब मॉड्यूल के माध्यम से बैंक की वेबसाइट पर 'NRI इंस्टा-ऑनलाइन' का प्रयोग कर सकते हैं, संबंधित दस्तावेज अपलोड कर सकते हैं और उस शाखा को चुन सकते हैं जिसमें खाता खोलना है।
- स्कैन किए गए दस्तावेजों के सफलतापूर्वक अपलोड होने और सत्यापन पर, खाता तुरंत खोला जाता है, और ग्राहक को एक इलेक्ट्रॉनिक संज्ञापन भेजा जाता है।

नोट:

- फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (FATF) की स्थापना जुलाई, 1989 में पेरिस में ग्रुप ऑफ सेवन (G-7) शिखर सम्मेलन द्वारा की गई थी।
- FATF एक अंतर-सरकारी संस्था है जो धन शोधन, आतंकवादी वित्तपोषण और अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय प्रणाली बनाने रखने से संबंधित खतरों से निपटने के लिए कानूनी, विनियामक और परिचालन उपायों के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु नीति और मानक निर्धारित करती है।
- संस्था के 38 सदस्य देश हैं, जिनमें अमेरिका, ब्रिटेन, भारत, जापान, चीन और फ्रांस शामिल हैं।
- FATF का मुख्यालय पेरिस, फ्रांस में है।

8. बंधन बैंक को गृह फाइनेंस के साथ विलय के लिए CCI की मंजूरी मिली

- बंधन बैंक को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (CCI) से बैंक के साथ गृह फाइनेंस के विलय की प्रस्तावित योजना के लिए मंजूरी मिली।
- HDFC लिमिटेड की किफायती हाउसिंग फाइनेंस शाखा गृह फाइनेंस पर जनवरी में बंधन बैंक द्वारा शेयर-विनिमय सौदे के तहत अधिग्रहण किया गया था।
- सौदे के भाग के रूप में, बंधन बैंक को गृह फाइनेंस का स्वयं में विलय करने के लिए 14.9 प्रतिशत हिस्सेदारी HDFC को हस्तांतरित करनी है।
- इस सौदे से बंधन बैंक के प्रमोटर बंधन फाइनेंशियल होल्डिंग्स की हिस्सेदारी लगभग 82 प्रतिशत से घटकर लगभग 61 प्रतिशत हो जाएगी और HDFC की हिस्सेदारी विलय संस्था में लगभग 57 प्रतिशत से 15 प्रतिशत होगी।

बंधन बैंक के बारे में जानकारी

- बंधन बैंक की शुरुआत वर्ष 2001 में माइक्रो-फाइनेंस कंपनी के रूप में हुई थी।
- बैंक ने वर्ष 2014 में भारतीय रिजर्व बैंक से बैंकिंग लाइसेंस प्राप्त किया था।
- मुख्यालय पश्चिम बंगाल के कोलकाता में है।
- चंद्र शेखर घोष बंधन बैंक के संस्थापक और MD & CEO हैं।
- टैगलाइन - आपका भला, सबकी भलाई।

9. गैर-जीवन बीमाकर्ता कंपनी के प्रीमियम में 13% वृद्धि: IRDAI की रिपोर्ट

- IRDAI के आंकड़ों के अनुसार, गैर-जीवन बीमा कंपनी ने मार्च में समाप्त वित्तीय वर्ष में अपनी कुल प्रीमियम आय में 13 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1.70 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज की।

10. इंडियाबुल्स जनरल इंश्योरेंस को IRDAI से प्रारंभिक मंजूरी प्राप्त हुई

- इंडियाबुल्स इंटीग्रेटेड सर्विसेड की सहायक कंपनी इंडियाबुल्स जनरल इंश्योरेंस ने नियामक IRDAI से गैर-बीमा व्यवसाय में प्राथमिक मंजूरी प्राप्त की है।
- जनवरी में, एक अन्य सहायक कंपनी इंडियाबुल्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी को भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (IRDAI) से R1 अनुमोदन प्राप्त हुआ था।

नियुक्ति

11. राजेश यदुवंशी को पंजाब नेशनल बैंक का कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया गया

- पंजाब नेशनल बैंक (PNB) ने राजेश कुमार यदुवंशी को बैंक का कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया।
- राजेश कुमार यदुवंशी वर्ष 1985 में PNB में प्रबंधन प्रशिक्षु के रूप में शामिल हुए थे।
- पूर्व में, उन्होंने देना बैंक के साथ कार्यकारी निदेशक के रूप में काम किया था।

12. कौशिक शपारिया को ड्यूश बैंक इंडिया का CEO नियुक्त किया गया

- ड्यूश बैंक ने कौशिक शपारिया को भारत का मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया।
- वह रवनीत गिल की जगह लेंगे।
- रवनीत गिल मार्च 2019 में यस बैंक के MD & CEO के रूप में शामिल हुए थे।

13. पेटीएम पेमेंट बैंक ने सैरी चहल को निदेशक मंडल में नियुक्त किया

- पेटीएम पेमेंट बैंक लिमिटेड (PPB) ने उद्यमी सैरी चहल को अपने निदेशक मंडल में नियुक्त किया।
- सैरी चहल शेरोज़ की संस्थापक और CEO हैं - जो महिलाओं के लिए एक सामुदायिक मंच है।

नोट:

- PPB, अगस्त 2016 में निगमित किया गया था और वर्ष 2017 में इसने औपचारिक रूप से संचालन शुरू किया।
- पेटीएम के संस्थापक विजय शेखर शर्मा की PPB में 51 फीसदी हिस्सेदारी है, जबकि शेष हिस्सेदारी वन97 कम्युनिकेशंस की है।

सर्वेक्षण/रिपोर्ट/सूचकांक

14. विश्व प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में भारत वर्ष 2019 में 140वें स्थान पर रहा

- भारत 180 देशों के बीच वैश्विक प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में दो स्थान गिरकर 140वें स्थान पर रहा।
- सूचकांक 2019 में नॉर्वे सबसे ऊपर है, जिसके बाद फिनलैंड, स्वीडन, नीदरलैंड और डेनमार्क हैं।
- सूचकांक रिपोर्टर्स विदआउट बॉर्डर द्वारा प्रकाशित किया जाता है।
- सूचकांक पिछले वर्ष में दर्ज की गई देशों की प्रेस स्वतंत्रता के मूल्यांकन पर आधारित है।

नोट:

- रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स (RWB) एक अंतर्राष्ट्रीय गैर-लाभकारी संस्था, गैर-सरकारी संगठन है जो प्रेस की स्वतंत्रता और सूचना की स्वतंत्रता से संबंधित मुद्दों पर काम करता है।
- रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स का मुख्यालय पेरिस, फ्रांस में है।

15. वैश्विक स्टार्टअप इकोसिस्टम में भारत 17वें स्थान पर रहा - एक रिपोर्ट

- स्टार्टअप ब्लिंक द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2019 स्टार्टअप इकोसिस्टम रैंकिंग में भारत 100 देशों के बीच वर्ष 2017 के 37वें स्थान से वर्ष 2018 में 17वें स्थान पर आया।
- वैश्विक रैंकिंग के संदर्भ में संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम और कनाडा शीर्ष तीन देशों में क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं।
- बेंगलुरु, नई दिल्ली और मुंबई भारत में सबसे व्यवसायिक स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र वाले शहर हैं।
- बेंगलुरु 11वें स्थान पर भारत का शीर्ष स्टार्टअप शहर रहा, जबकि इसके बाद नई दिल्ली 18वें स्थान पर था। मुंबई 29वें पायदान पर रहा।
- Inc42 डेटालैब्स के अनुसार, वर्ष 2018 के दौरान भारत में कुल 3800 नए स्टार्टअप लॉन्च किए गए थे और भारतीय स्टार्टअप को वर्ष 2018 में कुल मिलाकर 743 सौदों के माध्यम से 11 बिलियन डॉलर फंड प्राप्त हुआ।

16. संयुक्त राष्ट्र भारत को शांति अभियानों के लिए 38 मिलियन अमेरिकी डॉलर देगा: UNSG रिपोर्ट

- संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र भारत को 38 मिलियन अमरीकी डॉलर देगा, यह किसी भी देश को मार्च, 2019 तक शांति अभियानों के लिए भुगतान की जाने वाली अधिकतम राशि है।
- गुटेरेस ने अपनी रिपोर्ट में कहा, संयुक्त राष्ट्र पर भारत के 38 मिलियन अमेरिकी डॉलर बकाया हैं, इसके बाद रवांडा (31 मिलियन अमेरिकी डॉलर), पाकिस्तान (28 मिलियन अमेरिकी डॉलर), बांग्लादेश (25 मिलियन अमेरिकी डॉलर) और नेपाल (23 मिलियन अमेरिकी डॉलर) का बकाया है।

अर्थव्यवस्था समाचार

17. पिछले वर्ष की तुलना में दूसरी तिमाही में कारोबार की भावना में 7.7% तक कमी आई: D&B रिपोर्ट

- डन एंड ब्रैडस्ट्रीट (D&B) की रिपोर्ट के अनुसार, एक वर्ष पहले की समान अवधि की तुलना में इस वर्ष की दूसरी तिमाही में देश की वित्तीय और वृहत आर्थिक स्थिति के लिए कारोबार की भावनाओं में गिरावट जारी है।
- D&B कम्पोजिट बिजनेस ऑप्टिमिज्म इंडेक्स वर्ष 2018 की दूसरी तिमाही के 85.0 स्कोर की तुलना में वर्ष 2019 की दूसरी तिमाही के दौरान 7.7% की गिरावट के साथ 78.4 स्कोर के साथ समाप्त हुआ।
- D&B की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2019 की पहली तिमाही की तुलना में कारोबारी भावनाओं में 6.3% का सुधार हुआ।
- D&B कम्पोजिट बिजनेस ऑप्टिमिज्म इंडेक्स वर्ष 2019 की पहली तिमाही की तुलना में 6.3% की वृद्धि के साथ वर्ष 2019 की दूसरी तिमाही के दौरान 78.4 पर है।

18. IMF और विश्व बैंक ने ब्लॉकचेन टेक की खोज में क्वासी-क्रिप्टोकरेंसी लॉन्च की

- अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) और विश्व बैंक ने संयुक्त रूप से एक निजी ब्लॉकचेन और क्वासी-क्रिप्टोकरेंसी लॉन्च की है जिसे "लर्निंग कॉइन" कहा जाता है।
- ब्लॉकचैन और क्रिप्टोकरेंसी कैसे काम करती है, यह जानने के लिए नई 'क्वासी-क्रिप्टोकरेंसी' को एक उपकरण के रूप में उपयोग करना है।
- यह केवल IMF और विश्व बैंक के अंदर उपयोग के लिए उपलब्ध होगा।

BANK 2019 PLUS PACK ATTEMPT NOW

- इसका कोई मौद्रिक मूल्य नहीं है, इसका अर्थ यह है कि यह एक वास्तविक क्रिप्टोकरेंसी नहीं है।
- परीक्षण अवधि के बाद, IMF और विश्व बैंक स्मार्ट अनुबंध, मनी लॉन्ड्रिंग से लड़ने और पारदर्शिता में सुधार के लिए ब्लॉकचेन तकनीक का उपयोग कर सकते हैं।
- परीक्षण के दौरान, विश्व बैंक और IMF के कर्मचारी कुछ शैक्षिक उपलब्धियां हासिल करने के लिए कॉइन अर्जित करेंगे। संस्थाएं उन्हें कुछ पुरस्कारों के लिए प्राप्त संपत्ति को भुनाने की अनुमति देंगी, जिससे उन्हें यह सीखने में मदद मिलेगी कि वास्तविक जीवन में कॉइन का उपयोग कैसे किया जा सकता है।

19. चुनाव आयोग ने वोटर टर्नआउट ऐप शुरू किया

- भारतीय निर्वाचन आयोग (ECI) ने देश में चुनावी माहौल में मतदाता की सामयिक उपलब्धता जानने हेतु देश भर के मतदाताओं के लिए एक नया मोबाइल ऐप लॉन्च किया है।
- निर्वाचन आयोग की एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार वोटर टर्नआउट ऐप निर्वाचन अधिकारियों द्वारा एकत्रित सामयिक जानकारी प्राप्त करता है, जिसके बाद यह अनुमानित कुल संख्या की गणना करता है।

20. रिलायंस रिटेल 1 लाख करोड़ रुपये के वार्षिक राजस्व को पार करने वाली पहली भारतीय खुदरा कंपनी बनी

- 19 अप्रैल, 2019 को, रिलायंस रिटेल 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक वार्षिक राजस्व अर्जित करने वाली पहली भारतीय खुदरा कंपनी बन गई।
- रिलायंस इंडस्ट्रीज के खुदरा उद्यम ने वर्ष 2018-19 के लिए 1,30,556 करोड़ रुपये की आय दर्ज की, जो पिछले वर्ष के 69,198 करोड़ रुपये से 89% अधिक थी।
- कंपनी के अनुसार, रिलायंस रिटेल 10,000 से अधिक स्टोर को पार करने वाला पहला भारतीय रिटेलर भी बन गया। यह 31 मार्च तक 6,600 से अधिक शहरों और कस्बों में 10,415 खुदरा स्टोर संचालित करता है, जो 22 मिलियन वर्ग फुट के क्षेत्र में फैले हैं।

21. ETMONEY, UPI को एकीकृत करने वाला भारत का पहला व्यापक वित्तीय सेवा ऐप बना

- वित्तीय सेवाओं के लिए भारत के सबसे बड़े ऐप, ETMONEY ने घोषणा की है कि उसने यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (UPI) को अपने प्लेटफॉर्म पर भुगतान व्यवस्था के रूप में एकीकृत किया है क्योंकि यह वर्ष के अंत तक अपने मासिक उपयोगकर्ता आधार को दोगुना करने पर विचार कर रहा है।
- UPI का समेकन लाखों ETMONEY उपयोगकर्ताओं के लिए म्यूचुअल फंड भुगतान अनुभव को सरल बनाएगा क्योंकि कंपनी नए पीढ़ी के भारतीयों के वित्तीय जीवन को आसान बनाने के लिए अपना सफर जारी किए हुए है।
- ETMONEY ने हाल ही में म्यूचुअल फंड में निवेशित 2,000 करोड़ रुपए के लैंडमार्क को अपने प्लेटफॉर्म के माध्यम से पार किया।
- यह 1,200 शहरों के निवेशकों से हर महीने नए निवेश लेनदेन मूल्य में 150 करोड़ रुपये से अधिक जोड़ रही है।
- कंपनी अगले 12-18 महीनों में म्यूचुअल फंड लेनदेन में 5,000 करोड़ रुपये तक की वृद्धि के लक्ष्य के साथ भारत के सबसे बड़े डिजिटल-फर्स्ट वित्तीय सेवा प्लेटफॉर्म के रूप में अपनी स्थिति की पुष्टि करती है।

22. ADB ने वर्ष 2018 में भारत को सर्वाधिक संप्रभु ऋण 3 बिलियन डॉलर डॉलर प्रदान किया

- वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, एशियाई विकास बैंक (ADB) वर्ष 2018 में भारत को संप्रभु ऋणों (सॉवरेन लोन) के रूप में कुल 3 बिलियन अमेरिकी डॉलर प्रदान करने पर सहमत हुआ, जो वर्ष 1986 में देश में संप्रभु परिचालन शुरू होने के बाद से अब तक की सर्वाधिक ऋण राशि है।
- ADB ने भारत के बिहार, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु, असम और ओडिशा सहित कई राज्यों में अनेक परियोजनाओं का संचालन किया।

- रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत में, ADB ने गुजरात में 250 मेगावाट की पवन ऊर्जा परियोजना के निर्माण एवं संचालन के लिए, ऐक्टिस कैपिटल के प्रबंधन के तहत निवेश निधि के स्वामित्व वाली अक्षय ऊर्जा कंपनी, ओस्ट्रो कुत्च विंड को 100 मिलियन अमेरिकी डालर का ऋण प्रदान किया।
- अन्य के बीच, इसने एक माइक्रोफाइनेंस कंपनी अन्नपूर्णा फाइनेंस को 30 मिलियन डॉलर की इक्विटी और 20 मिलियन डॉलर की ऋण सुरक्षा भी प्रदान की है।

23. भारत वर्ष 2018-19 में शुद्ध इस्पात आयातक बना

- रॉयटर्स को दिए गए प्रारंभिक सरकारी आंकड़ों से पता चला है कि भारत तीन वर्षों में पहली बार वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान इस्पात का शुद्ध आयातक था।
- भारत का तैयार इस्पात निर्यात 34% घटकर 6.36 मिलियन टन हो गया, जबकि तैयार इस्पात आयात 4.7% बढ़कर 7.84 मिलियन टन हो गया।
- चालू वित्त वर्ष के पहले 11 महीनों के दौरान अप्रैल-फरवरी में भारत का इस्पात आयात 1.9% बढ़कर 7.29 मिलियन टन हो गया, जबकि निर्यात 35.3% घटकर 5.77 मिलियन टन हो गया।

24. विदेश मंत्रालय ने भारत-प्रशांत प्रभाग की स्थापना की

- विदेश मंत्रालय ने विदेश विभाग में एक भारत-प्रशांत प्रभाग (इंडो-पैसेफिक डिवीजन) की स्थापना की है।
- इस नए प्रभाग का उद्देश्य उस नीति को एक सुसंगत संरचना प्रदान करना है, जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ष 2018 में शांगरी-ला संवाद में व्यक्त किया था।
- यह प्रभाग वर्तमान विदेश सचिव विजय गोखले के दिमाग की उपज है।
- भारत-प्रशांत प्रभाग का नेतृत्व वर्तमान में संयुक्त सचिव विक्रम दोराईस्वामी कर रहे हैं।
- भारत-प्रशांत प्रभाग सरकार का एक बड़ा कदम है, और इससे भारत-प्रशांत केंद्रित नीति-निर्माण को बल मिलने की उम्मीद है।
- भारत-प्रशांत प्रभाग इंडियन ओशेन रिम एसोसिएशन (IORA), आसियान क्षेत्र और क्वाड को एकीकृत करता है।
- भारत का यह कदम पिछले वर्ष अमेरिका द्वारा अपनी पैसेफिक कमांड का नाम बदलकर इंडो-पैसिफिक कमांड करने के बाद आया है क्योंकि वह अपनी भारत-प्रशांत नीति को महत्व देना चाहता है।

25. केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों को गौण परिसंपत्तियों को बेचने के लिए 12 महीने का समय मिला

- राष्ट्र संचालित कंपनियों के पास वित्त मंत्री की अध्यक्षता वाली एक मंत्री समिति द्वारा चिह्नित गौण परिसंपत्तियों (non-core asset) का मुद्रीकरण करने के लिए 12 महीने होंगे, जिसमें विफल रहने पर वित्त मंत्रालय केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (CPSE) के लिए बजटीय आवंटन को प्रतिबंधित कर सकता है।
- निवेश एवं लोक संपत्ति प्रबंधन विभाग (DIPAM) ने फरवरी में मंत्रिमंडल के एक फैसले के बाद CPSE की गौण परिसंपत्तियों और अचल एनिमी प्रॉपर्टी के मुद्रीकरण के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं।
- दिशानिर्देशों के अनुसार DIPAM के सचिव की अध्यक्षता में एक अंतर-मंत्रालयी समूह (IMG) CPSE की गौण परिसंपत्तियों की पहचान स्वयं और नीति आयोग की सिफारिशों के आधार पर भी करेगा।
- हालांकि, CPSE गौण परिसंपत्तियों की बिक्री के लिए 12 महीने की समय-सीमा से छूट मांग सकते हैं।
- चालू वित्त वर्ष में केंद्र सरकार ने CPSE विनिवेश के जरिए 90,000 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा है।

26. गूगल ने घाना में अपनी पहली अफ्रीकी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस लैब खोली

- गूगल ने घाना की राजधानी अक्रा में अपना पहला अफ्रीकी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) केंद्र खोला है।
- प्रयोगशाला कृषि सहित कुछ क्षेत्रों में फसल रोग के निदान जैसे समाधान विकसित करेगी।

घाना के विषय में जानकारी:

- राजधानी: अक्रा
- मुद्रा: घानियन सेडी
- राष्ट्रपति: नाना अकुफो-अडो

27. I-T विभाग ने भारत में बहुराष्ट्रीय कंपनियों पर कर लगाने के लिए नए मानदंड प्रस्तावित किए

- आयकर विभाग ने भारत में स्थाई रूप से स्थापित डिजिटल कंपनियों सहित बहुराष्ट्रीय कंपनियों पर कर लगाने के लिए कार्यप्रणाली में बदलाव का प्रस्ताव रखा, जिसमें घरेलू बिक्री, कर्मचारी संख्या, संपत्ति और उपयोगकर्ता आधार जैसे कारकों को महत्व दिया गया है।
- भारत में स्थायी संस्थानों (PE) को लाभ के लिए CBDT समिति ने यह भी कहा कि जो बहुराष्ट्रीय कंपनियां 2 प्रतिशत से कम वैश्विक घाटा या वैश्विक लाभ-गुंजाइश अर्जित कर रही हैं और भारत में परिचालित हैं, भारतीय राजस्व या टर्नओवर के 2 प्रतिशत लाभ का इरादा रखेंगी और उन पर उसी के अनुसार कर लगाया जाएगा।
- रिपोर्ट भारत में प्रमुख आर्थिक उपस्थिति के साथ डिजिटल कंपनियों को "उच्च" और "निम्न या मध्यम" उपयोगकर्ता आधार के रूप में चिन्हित करने के लिए अलग-अलग महत्व प्रदान करती है।
- 'उच्च उपयोगकर्ता अधिकता' के मामले में: उपयोगकर्ताओं का प्रभाव 20% होना चाहिए, परिसंपत्तियों और कर्मचारियों की हिस्सेदारी 25% और बिक्री 30% होनी चाहिए।
- जबकि 'निम्न और मध्यम उपयोगकर्ता अधिकता' के लिए: उपयोगकर्ताओं का प्रभाव 10% होना चाहिए, और 3 कारकों में प्रत्येक का प्रभाव 30% होगा।

28. चीन में एशियाई चाय गठबंधन शुरू किया गया

- चाय उगाने और खपत करने वाले पांच देशों के संघ, एशियाई चाय गठबंधन (ATA) को चीन के गुइझोऊ में शुरू किया गया।
- गठबंधन के सदस्य भारतीय चाय संघ, चीन चाय विपणन संघ, इंडोनेशिया चाय विपणन संघ, श्रीलंका चाय बोर्ड और जापान चाय संघ हैं।
- गठबंधन एशियाई चाय के भविष्य के लिए स्थिर एजेंडा बनाते हुए, चाय की वैश्विक खपत को बढ़ाने की दिशा में काम करेगा।
- गठबंधन की स्थापना भारत, चीन, अमेरिका, रूस, यूरोप और पश्चिम एशिया में चाय की खपत को बढ़ावा देने के लिए दिसंबर, 2018 में भारतीय चाय संघ और चीन चाय विपणन संघ के बीच हस्ताक्षर किए गए समझौता ज्ञापन के आधार पर की गई थी।

29. NBFC-MFI ने वित्त वर्ष 19 में प्रतिभूतिकरण के माध्यम से 26,000 करोड़ रुपये जुटाए

- रेटिंग एजेंसी ICRA के अनुसार, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (NBFC) और माइक्रोफाइनेंस कंपनियों (MFI) ने मार्च, 2019 को समाप्त हुए वर्ष में प्रतिभूतिकरण के माध्यम से लगभग 26,200 करोड़ रुपये जुटाए, यह वित्त वर्ष 18 की तुलना में 170 प्रतिशत की वृद्धि है।
- मार्च 2018 को समाप्त हुए वर्ष में, NBFC-MFI ने प्रतिभूतिकरण के माध्यम से 9,700 करोड़ रुपये जुटाए हैं।
- वित्त वर्ष 19 में, NBFC-MFI ने विकास लक्ष्यों को पूरा करने के लिए प्रतिभूतिकरण मार्ग पर अपना विश्वास बढ़ा दिया।
- दूसरे शब्दों में, प्रतिभूतिकरण मार्ग के माध्यम से वित्त वर्ष 19 की चौथी तिमाही में लगभग आधा वार्षिक संवितरण मिलने का अनुमान है।
- रेटिंग एजेंसी ने आगे कहा कि प्रतिभूतिकरण वित्त वर्ष 20 में भी NBFC-MFI के लिए वित्त पोषण का प्रमुख स्रोत रहेगा।

- देश में प्रतिभूतिकरण बाजार को दो प्रकार के लेन-देन में विभाजित किया जा सकता है, जो कि रेटेड पास थ्रू सर्टिफिकेट (rated Pass Through Certificate) और अनरेटेड डायरेक्ट असाइनमेंट (unrated Direct Assignment) हैं (एक इकाई से दूसरी इकाई के खुदरा ऋणों का एक व्यवसायिक संघ द्वारा द्विपक्षीय असाइनमेंट)।

प्रतिभूतिकरण के बारे में जानकारी

- प्रतिभूतिकरण का तात्पर्य बैंकों और ऋणदाताओं के ऋण जैसे ऑटो, आवास, क्रेडिट कार्ड आदि का ऋण उपकरणों में परिवर्तन है।
- एक विशेष प्रयोजन वाहन (SPV) स्थापित किया गया है जो इन परिसंपत्तियों को एकत्र करता है और ऋण उपकरण जारी करता है जिसे पास थ्रू सर्टिफिकेट (PTC) कहा जाता है।
- इन ऋण उपकरणों को बाजारों में उपलब्ध कराकर, संगठन गैर-नकदी (illiquid) संपत्ति को नकदी (liquid) संपत्ति में परिवर्तित करने का प्रबंधन करता है जिसका उपयोग अन्य व्यवसाय के निधिकरण में किया जा सकता है।
- जब मूल ऋणदाता मूल उधारकर्ता से पैसे वसूल करता है, तो इसे SPV को दे दिया जाता है, जो इसे निवेशक को एक निश्चित आय के रूप में वितरित करता है।

30. सरकार 10% EWS आरक्षण के लिए 158 संस्थानों में 2 लाख से अधिक सीटें जोड़ेगी

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) से संबंधित छात्रों के प्रवेश में आरक्षण के कार्यान्वयन हेतु 158 केंद्रीय शैक्षणिक संस्थानों के लिए 4315.15 करोड़ रुपये की मंजूरी दी।
- आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) के लिए 10% आरक्षण लागू करने हेतु देश भर में 158 CEI में 2 लाख से अधिक अतिरिक्त सीटें बनाई जाएंगी।
- यह कदम 103वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम की पृष्ठभूमि में लिया गया, जो सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (EWS) को 10 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करता है।

समझौता

31. एक्सिम बैंक रवांडा में 267 मिलियन अमेरिकी डॉलर कीमत की परियोजनाओं को निधि प्रदान करेगा

- भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने कहा कि एक्जिम बैंक ने विभिन्न परियोजनाओं के लिए रवांडा को 266.60 मिलियन अमेरिकी डॉलर का सॉफ्ट लोन प्रदान किया है।
- रावंडा को तीन अलग-अलग भागों में प्रदान की गई निधि, अफ्रीकी राष्ट्र में कृषि परियोजनाओं, विशेष आर्थिक क्षेत्रों (SEZ) के विकास और सड़क परियोजना के वित्तपोषण के लिए है।

32. BoM ने MSME बिल छूट के लिए M1Xchange TreDS प्लेटफॉर्म के साथ साझेदारी की

- बैंक ऑफ महाराष्ट्र (BoM) ने MSME बिल छूट के लिए M1Xchange Trade Receivables Discounting System (TReDS) प्लेटफॉर्म के साथ साझेदारी की है।

नोट:

- Trade Receivables Discounting System (TReDS) प्लेटफॉर्म MSME को उनके बिलों को एक नीलामी के माध्यम से प्रतिस्पर्धी दर पर वित्तपोषित करने के लिए सहायता प्रदान करने वाला एक डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म है, इस नीलामी में कई पंजीकृत पूंजीदाता भाग ले सकते हैं।

33. भारत ने अफ्रीका में दो परियोजनाएं स्थापित करने के लिए जापान और संयुक्त अरब अमीरात के साथ साझेदारी की

BANK 2019 PLUS PACK ATTEMPT NOW

- भारत ने अफ्रीका में दो परियोजनाओं को लागू करने के लिए जापान और संयुक्त अरब अमीरात (UAE) के साथ साझेदारी की है क्योंकि यह महाद्वीप में अपने पदचिह्नों का विस्तार करना चाहता है।
- भारत जापान के सहयोग से केन्या में एक कैंसर अस्पताल का निर्माण करेगा।
- भारत UAE के सहयोग से इथियोपिया में एक सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (ICT) केंद्र स्थापित करेगा।

34. SEFL ने अवसंरचना उपकरण हेतु संयुक्त ऋण प्रदान करने के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा के साथ भागीदारी की

- सरेई एक्युपमेंट फाइनेंस (SEFL) ने सह-ऋण व्यवस्था के तहत अवसंरचना उपकरण के लिए संयुक्त ऋण प्रदान करने हेतु बैंक ऑफ बड़ौदा के साथ समझौता किया है।
- इस कार्यक्रम के तहत, ऋणों निधिकरण की सुविधा iQuippo द्वारा प्रदान की जाएगी जो कनोरिया फाउंडेशन की एक पहल है।
- यह साझेदारी SEFL और बैंक ऑफ बड़ौदा को साथ मिलकर काम करने, सहयोग करने और अपने संबंधित बाजारों और ग्राहक आधार को व्यापक बनाने की अनुमति देगा।

शिखर सम्मेलन

35. सऊदी अरब वर्ष 2020 में G20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा

- सऊदी अरब ने घोषणा की कि वह अपनी राजधानी रियाद में नवंबर, 2020 में G20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। यह अरब देश में पहला G20 शिखर सम्मेलन होगा।
- वर्ष 2019 में, जापान G20 शिखर सम्मेलन ओसाका की मेजबानी करेगा। यह 28-29 जून, 2019 को आयोजित किया जाएगा।
- यह जापान में आयोजित होने वाला पहला G20 शिखर सम्मेलन होगा।

नोट:

- G20 2018 की बैठक ब्यूनस आयर्स, अर्जेंटीना में आयोजित की गई थी।
- इटली वर्ष 2021 में G20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा।
- भारत वर्ष 2022 में G20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा।

G20 के बारे में जानकारी

- G20 या ग्रुप ऑफ ट्वेंटी सरकारों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय मंच है।
- G20 का उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय स्थिरता को बढ़ावा देने से संबंधित नीतियों पर चर्चा करना है।
- G20 के सदस्य अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मैक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्की, यूनाइटेड किंगडम, अमेरिका और यूरोपीय संघ हैं।
- पहला G-20 शिखर सम्मेलन वाशिंगटन (अमेरिका) में वर्ष 2008 में आयोजित किया गया था।

36. UAE दुनिया के पहले कृत्रिम बुद्धिमत्ता शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा

- दुबई वर्ल्ड ट्रेड सेंटर (DWTC) सबसे प्रभावशाली आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) बनने के लिए इसके पहले संस्करण की मेजबानी करने के लिए पूरी तरह से तैयार है।
- शिखर सम्मेलन 30 अप्रैल से 1 मई, 2019 तक आयोजित किया जाएगा।

पुरस्कार

37. फिनकेयर स्मॉल फाइनेंस बैंक ने 'सेलेन्ट मॉडल बैंक' 2019 पुरस्कार जीता

- फिनकेयर स्मॉल फाइनेंस बैंक (SFB) को वित्तीय समावेश की श्रेणी में 'छोटे व्यवसायों तक पहुंच हेतु ऋण व्यवस्था को पुन: तैयार करने' के लिए प्रतिष्ठित सेलेन्ट मॉडल बैंक 2019 पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।
- यह पुरस्कार LAP (लोन अगेंस्ट प्रॉपर्टी) D.Lite को मान्यता देता है, जो सूक्ष्म और लघु उद्यमों पर नियोजित संपत्ति पर ऋण की शुरुआत और त्वरित हामीदारी के लिए फिनकेयर स्मॉल फाइनेंस बैंक द्वारा तैयार और विकसित एक टैब-आधारित समाधान है।
- पुरस्कार की घोषणा 12 अप्रैल, 2019 को न्यूयॉर्क में सेलेन्ट द्वारा आयोजित नवाचार एवं अंतर्दृष्टि दिवस पर की गई थी।
- LAP D.Lite इस पुरस्कार को प्राप्त करने वालीं दुनिया भर की 22 पहलों में से एक है, जिसमें 30 देशों के 80 संस्थानों के 140 नामांकन थे।

नोट:

- सेलेन्ट एक अनुसंधान, सलाहकार और परामर्श कंपनी है जो वित्तीय सेवा तकनीक पर केंद्रित है, और यह ऑलिवर वायमन ग्रुप का एक हिस्सा है, जो मार्श एंड मैक्लेनन कंपनी के पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है।
- कंपनी ने 12 वर्ष पहले मॉडल बैंक पुरस्कार की शुरुआत की और बैंकिंग में प्रौद्योगिकी उपयोग की सर्वोत्तम कार्य प्रणालियों के लिए वित्तीय संस्थानों की उपलब्धि को सम्मानित किया।
- फिनकेयर स्मॉल फाइनेंस बैंक का मुख्यालय बेंगलुरु, कर्नाटक में है।

38. KAU IPR सेल को राष्ट्रीय पुरस्कार मिला

- केरल कृषि विश्वविद्यालय (KAU) के बौद्धिक संपदा अधिकार सेल (IPR सेल) को राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा पुरस्कार 2019 के लिए चुना गया है।
- KAU IPR सेल को भौगोलिक संकेतक (GI) के पंजीकरण और देश में पंजीकृत GI को बढ़ावा देने में अपने योगदान के सम्मान में पुरस्कृत किया गया है।

नोट:

- केंद्रीय उद्योग एवं वाणिज्य मंत्रालय के तहत भारतीय बौद्धिक संपदा कार्यालय द्वारा गठित पुरस्कार पेटेंट, ट्रेडमार्क और भौगोलिक संकेत के क्षेत्रों में काम करने वाले व्यक्तियों और संगठनों को प्रदान किया जाता है।

बैंकिंग एवं अर्थव्यवस्था शब्दावली

39. EMV - Europay, MasterCard, Visa.
40. IDRBT - Institute for Development and Research in Banking Technology
41. FATF - Financial Action Task Force
42. TReDS - Trade Receivables Discounting System

_____X_____X_____X_____X____

BANK 2019 PLUS PACK

1. 400+ Mock Tests on the Latest Exam Pattern
2. Available in Hindi & English
3. All India Rank & Performance Analysis
4. Detailed Explanation of Solutions
5. Topic-wise Tests & Video Courses
6. Available on Mobile & Desktop

gradeup